आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. बिहार स्थापना दिवस पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने राज्य के ऐतिहासिक गौरव और सामाजिक सद्‌भाव के महत्व को बताते हुए प्रदेशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

2. नई दिल्ली में उप–राज्यपाल की गृह मंत्री से हुई भेंटवार्ता में उन्होंने लिटिल अंडमान के विकास को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया।

3. स्थानीय उत्पादकों और स्वयं सहायता समूहों के लिए अवसरों से भरपूर मंगलूटान में आज से नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ग्रामीण हाट का शुभारंभ हुआ।

4. राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर स्वच्छता और दंत संरक्षण के प्रति जेएनआरएम में जागरूकता का प्रसार किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने बिहार स्थापना दिवस के अवसर पर आज प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की है। यह दिवस बिहार की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत का स्मरण कराता है, जिसने प्राचीन काल से ही सभ्यता, ज्ञान और आध्यात्मिक चेतना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और बौद्धिक उत्कृष्टता से परिपूर्ण इस भूमि ने अनेक विद्वानों, दूरदर्शी नेताओं और समाज सुधारकों को जन्म दिया, जिनके प्रयासों ने राष्ट्र की दिशा और दशा को गहराई से प्रभावित किया। इस अवसर पर उप–राज्यपाल ने नागरिकों से आह्‌वान किया है कि वे बिहार के उज्ज्वल अतीत से प्रेरणा लेकर दृढ़ संकल्प और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ें तथा सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान दें। अपने संदेश के अंत में उप–राज्यपाल ने बिहार तथा द्वीपों में निवासरत सभी नागरिकों के लिए शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना व्यक्त की।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भेंट की। इस दौरान द्वीपों में पर्यटन और आधारभूत संरचना के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। उपराज्यपाल ने हाल ही में प्रतिष्ठित आतिथ्य श्रृंखलाओं को चार अनुबंध प्रदान किए जाने की सफलता की जानकारी देते हुए बताया कि अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में उच्च स्तरीय पर्यावरण अनुकूल पर्यटन स्थलों के विकास के लिए निवेशकों की रुचि लगातार बढ़ रही है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि स्मिथ और रॉस द्वीप परियोजना के लिए आगामी

अप्रैल माह के प्रारंभ में वित्तीय निविदा खुलने वाली है, जिसमें अट्ठारह प्रमुख निवेशकों ने भाग लेने की इच्छा व्यक्त की है। उप–राज्यपाल ने बताया कि अन्य द्वीपों पर कई बड़े पर्यटन, आतिथ्य और अवसंरचना परियोजनाएँ पूर्णता के निकट हैं। इस संदर्भ में उपराज्यपाल ने लिटिल अंडमान को अगले चरण में विकास के लिए प्राथमिकता देने का सुझाव दिया, क्योंकि यह द्वीप एक विशिष्ट वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होने की अपार संभावनाएं रखता है। बैठक में द्वीपों के समग्र विकास और पर्यटन क्षेत्र को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने की दिशा में सकारात्मक विचार–विमर्श हुआ।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विभाग के द्वीपीय जैव विविधता केंद्र द्वारा कल अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के उपलक्ष्य में "वन, जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के सतहत्तर छात्रों, शिक्षकों तथा हरित कौशल विकास कार्यक्रम के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों ने वन पारिस्थितिकी, जैव संकेतक, जैव विविधता संरक्षण तथा वन प्रबंधन जैसे विषयों पर व्याख्यान दिए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. पी. प्रकाश बाबू ने जैव विविधता, वनों और अर्थव्यवस्था के बीच गहरे संबंध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि द्वीपीय क्षेत्रों में वन आजीविका, जलवायु संतुलन और आर्थिक स्थिरता के आधार हैं। कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत संबोधन में डॉ. सी. सिवापेरुमन ने क्षेत्र में अनुसंधान एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

<><><><><><><>

गुप्तापाड़ा ग्राम पंचायत के अंतर्गत मंगलूटान में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ग्रामीण हाट का आज सुबह पांच बजे गुप्तपाड़ा जंक्शन के पास पुराने रबर बागान क्षेत्र में शुभारंभ हुआ। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय आजीविका को बढ़ावा देना और समुदाय के लिए एक जीवंत बाजार उपलब्ध कराना था। उद्घाटन कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों, स्वयं सहायता समूहों और बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया। बाजार में ताज़ी सब्ज़ियाँ, मछली, स्ट्रीट फूड और स्थानीय हस्तशिल्प सहित विभिन्न वस्तुएँ प्रदर्शित की गईं। विशेष रूप से, स्थानीय उत्पादक और युवा उद्यमियों को अपने उत्पाद बेचने का अवसर प्रदान किया गया, जिससे उद्यमिता को प्रोत्साहन मिला और समुदाय में आय के नए अवसर उत्पन्न हुए। ग्राम पंचायत ने बताया कि यह बाजार अब हर रविवार नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, जिससे यह खरीदारों और विक्रेताओं दोनों के लिए स्थिर और विश्वसनीय मंच बन जाएगा।

<><><><><><>

राज्य स्वास्थ्य समिति के अंतर्गत संघ राज्य क्षेत्र स्वास्थ्य मिशन द्वारा राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के सहयोग से स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय ने विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में किया। यह कार्यक्रम भारत सरकार की प्रमुख पहल के रूप में संचालित राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य निवारक एवं प्रोत्साहक मौखिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना, आधारभूत संरचना और मानव संसाधनों को सुदृढ़ करना तथा विशेष रूप से बच्चों एवं कमजोर वर्गों में मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्वास्थ्य अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे इस वर्ष की थीम "स्वस्थ मुख, सुखी जीवन" का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. एच. एम. सिद्दाराजु ने अपने संबोधन में समग्र स्वास्थ्य में मौखिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में कल भारतीय सेना में करियर के अवसरों पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को भर्ती प्रक्रिया, पात्रता मानदंड तथा सशस्त्र बलों में प्रवेश के विभिन्न मार्गों की विस्तृत जानकारी दी गई। यह सत्र चेन्नई स्थित भर्ती कार्यालय के सहायक भर्ती अधिकारी आर. के. सेंगर द्वारा प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने दसवीं, बारहवीं, डिप्लोमा तथा स्नातक स्तर के बाद उपलब्ध विभिन्न अवसरों पर प्रकाश डालते हुए अनुशासन, शारीरिक दक्षता और समर्पण के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने विभिन्न प्रवेश योजनाओं, करियर विकल्पों तथा तैयारी की रणनीतियों को सरल और प्रभावी ढंग से समझाया, जिससे छात्रों को स्पष्ट मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को यह भी जानकारी दी गई कि भारतीय सेना में भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया पहली अप्रैल तक जारी है। इस अवसर पर कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

<><><><><><>

अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा राजधानी श्री विजयपुरम स्थित मेगापोड रिसॉर्ट में दो दिवसीय मैंग्रोव कार्यशाला का कल शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय कुमार सिन्हा सहित प्रशासन एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक, शोधार्थी, शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में इस राष्ट्रीय स्तर की पहली मैंग्रोव कार्यशाला के आयोजन की सराहना करते हुए

प्रतिभागियों को देश के संवेदनशील मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र, विशेषकर अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के संदर्भ में गहन अध्ययन के लिए प्रेरित किया। आज मैंग्रोव कार्यशाला का दूसरा और अंतिम दिन है।

**<><><><><><><>**